प्रधान मंत्री द्वारा अपने दौरों के दौरान प्रयुक्त भाषा

1579. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रधान मंत्री ने कितने देशों की यात्राएं कीं और इन यात्राओं के दौरान उन्होंने क्या परिधान पहने तथा प्रधान मंत्री ने कितने राष्ट्राध्यक्षों के साथ वार्ता की और उनमें से कितने राष्ट्राध्यक्षों ने उनसे अपनी मातृ भाषा को छोड़कर हिन्दी भाषा या विदेशी भाषा में वार्ता की और प्रधान मंत्री ने किन-किन स्थानों पर राजभाषा में विचार-विमर्श किया ; और

(ख) उन्हें किन-किन देशों में अपने दूतावासों में हिन्दी भाषा के दुभाषियों की सुविधा उपलब्ध कराई गई और किन-किन देशों में यह सुविधा नहीं मिली और हिन्दी भाषा में दुभाषिया की सुविधा उपलब्ध न कराये जाने के क्या कारण हैं और क्या भारतीय राजनयिक विदेशों में कभी भी हिन्दी भाषा का व्यवहार नहीं करते हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) कार्यभार संभालने के बाद प्रधान मंत्री ने 28 देशों की यात्रा की है इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने अवसर और प्रोतोकाल के अनुकूल पोशाक पहनी । अधिकांश सरकारी और अन्य समारोहों में उन्होंने बंद गले का कोट तथा पतलून पहनी । उन्होंने जिन देशों की यात्रा की उन सभी देशों में वहां के नेताओं के साथ उन्होंने बातचीत की । बातचीत के दौरान भाषा का प्रयोग सामान्यतः संबद्ध विशिष्ट व्यक्तियों की उस भाषा में गति, दुभाषियों की उपलब्धता तथा आपसी सुविधा पर आधारित थी ।

(ख) प्रधान मंत्री की विदेश यात्राओं के दौरान उन्हें हिन्दी के दुभाषिये उपलब्ध करने की आवश्यकता नहीं पड़ी ।

यह कहना सही नहीं है कि भारतीय राजनयिक विदेशों में हिन्दी का बिल्कुल प्रयोग नहीं करते हैं ।

Leavy of House Tax in J.J. Colonies in Delhi

1580. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that notices for levy of House Tax have been issued to the allottees of J.J. Colony, Moti Bagh, New Delhi whereas the House Tax is not being charged in other JJ Colonies such as Madangir, Daksainpuri, etc.;

(b) if so, what are the reasons therefor;

(c) what action Government propose to take to remove these anomalies;

(d) whether Government have received representation from the President of the Harijan Allottee Kalyan Samiti, J.J. Colony, Moti Bagh in this regard; and

(e) if so, what is the Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI): (a) Yes, Sir. Properties of J.J Colony, Moti Bagh are being assessed as per provisions of DMC Act. Properties of Union of India are exempt from payment of property tax. Residential properties upto rateable value of Rs. 1000 have been exempted from payment of properties' taxes;;

(b) and (c) Properties are assessed in accordance with the provisions of the D.M.C. Act and there does not appear to be anomaly.

(d) and (e) A representation received from Harijan Allottee Kalyan Samiti was forwarded to the Municipal Corporation of Delhi for appropriate action.